फोन/फैक्स नं0–01373-223328
E-Mail:- dfotons-forest-uk@nic.in
वन मित्र कॉल सेंटर–9208008000

# कार्यालय
## प्रभागीय वनाधिकारी, टौन्स वन प्रभाग, पुरोला

पंत्राक– 1156/12-1 पुरोला,दिनांक, 08/12/ 2020।

सेवा में,

उप जिलाधिकारी,
पुरोला।

विषय– विकास खण्डपुरोला में एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत पुरोला–जरमोला मोटर मार्ग के कि0मी0 07 से सुराणू की सेरी तक मोटर मार्ग लम्बाई 3.625 किमी0 हेतु 3.038 है0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।

सन्दर्भ– इस कार्यालय का पत्रांक संख्या–2776/12–1 दिनांक 18–06–2019 एवं 94/12–1 दिनांक 05.07.2019 तथा वन संरक्षक स्तर से प्राप्त ई0डी0एस0 क्वेरी दिनांक 26.11.2020।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्रों के क्रम में अवगत कराना है कि सन्दर्भित पत्र से आपको उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में प्रयुक्त होने वाली वन भूमि के बदले क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु भूमि उपलब्ध करवाने एवं भूमि की उपयुक्तता के बारे में जांच हेतु दिनांक 26.06.2019 की तिथि में उपस्थित रहने हेतु लिखा गया था, परन्तु न तो आपका प्रतिनिधि एवं ना ही लोक निर्माण विभाग का कोई अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त जांच में उपस्थित हुए, जिससे उक्त क्षेत्र की जांच नहीं हो सकी, जिस कारण उक्त वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव पर अग्रिम कार्यवाही नहीं हो पा रही है।

अतः वन क्षेत्राधिकारी पुरोला रेंज के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पुनः जांच में उपस्थित रहने हेतु अपने अधीनस्त कर्मचारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें, ताकि वन भूमि हस्तान्तरण प्रकरण पर अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

(सुबोध कुमार काला)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टौन्स वन प्रभाग, पुरोला।

**प्रतिलिपि**–लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड पुरोला, को इस आशय से प्रेषित कि वन क्षेत्राधिकारी पुरोला रेंज के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने सम्बन्धित क्षेत्रीय कर्मचारियों को स्थलीय जांच में उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

**प्रतिलिपि**–वन क्षेत्राधिकारी, पुरोला को इस आशय से प्रेषित कि स्वयं एवं अपने सम्बन्धित क्षेत्रीय कर्मचारियों को साथ रख स्थलीय जांच कर जॉच आख्या इस कार्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करें।

भवदीय,

(सुबोध कुमार काला)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टौन्स वन प्रभाग, पुरोला।